सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, बिहार
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-356
20/08/2017

मुख्यमंत्री ने पूर्वी चम्पारण, सीतामढ़ी, शिवहर, मुजफ्फरपुर तथा पटना जिला के बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का हवाई सर्वेक्षण किया

पटना, 20 अगस्त 2017 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने आज पूर्वी चम्पारण जिला के सुगौली, बंजरिया, चिरैया, मधुबन, पिपराही, सीतामढ़ी जिले के रून्नीसैदपुर, मुजफ्फरपुर जिला के औराई, कटरा, मुसहरी, मुरौल, शिवहर जिला के बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों तथा पटना जिला के फतुहा, पुनपुन एवं मसौढ़ी के बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का हवाई सर्वेक्षण किया।

हवाई सर्वेक्षण में जल संसाधन मंत्री श्री राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह, मुख्य सचिव श्री अंजनी कुमार सिंह, मुख्यमंत्री के सचिव श्री अतीश चन्द्रा मुख्यमंत्री के साथ थे।

******